खबर संक्षेप

## प्रेक्षक के भ्रमण के दौरान जिले की जानकारियों के लिए अधिकारी नियुक्त

**मण्डला।** अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन के संचालन के प्रेक्षण हेतु श्री अरूण पाण्डे, भा.प्र.से. (सेवा निवृत्त) भोपाल (म.प्र.) को मण्डला जिले के लिये आयोग द्वारा प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रेक्षक द्वारा इस जिले में प्रथम चरण में 24 नवम्बर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक तथा द्वितीय चरण में 8 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) के दौरान भम्रण किया जाना है। जिले में उपस्थित होने वाले प्रेक्षक को नगर परिषद निवास एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) की जानकारियाँ उपलब्ध कराने एवं उनके साथ भ्रमण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु श्री राहुल शाडिल्य खनिज अधिकारी मण्डला को संपर्क अधिकारी तथा श्री विशाल जांगजुड़े स्टेनोग्राफर संभागीय प्रबंधक मोहगांव परियोजना मंडल मण्डला को नियुक्त किया गया है।

## नगरीय निकाय/पंचायत उप निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने नोडल नियुक्त

**मण्डला।** नगरीय निकाय/पंचायत उप निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अधिकारियों को निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार मतपत्रों का प्रबंधन के लिए जिला कोषालय अधिकारी श्री अखिलेश नेटी, कार्मिक प्रबंधन/ प्रशिक्षण/ मतदान दल के लिए सहा.आयु.आदि.जन. कार्यविभाग श्री संतोष शुक्ला, कार्मिक प्रबंधन/प्रशिक्षण/मतदान दल के लिए एनआईसी मंडला श्रीमती मधु मिश्रा, पीओएल व्यवस्था के लिए जिला खाद्य आपूर्ति विभाग श्री मनोज पुराविया तथा ईव्हीएम प्रबंधन के लिए जिला संस्थागत अधिकारी श्री आरके बागड़े और परिवहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन मंडला श्रीमती रमा दुबे को दायित्व सौंपा गया है।

### प्रशासन की लापरवाही खिलाड़ियों पर पड़ रही भारी

# दुर्दशा का शिकार स्टेडियम ग्राउंड

*** खिलाड़ियों ने अब खेल से किनारा करने का बनाया मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मण्डला जिले का एकमात्र खेल मैदान, महात्मा गांधी स्टेडियम, प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही का शिकार है। यह मैदान जिले के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन वर्तमान में इसकी हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद स्टेडियम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जो खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

ग्राउंड में शासकीय कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जो बजरी और गिट्टी डाली गई थी उससे लगातार खिलाड़ी चोटिल हो रहे थे इस समस्या के निदान के लिये भाजपा जिलाध्यक्ष ने जून की भीषण गर्मी में अपने व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से इस मैदान की बजरी और गिट्टी को यहां से अलग कराया जो लगभग 100 ट्राली से ऊपर थी उसके बाद खाली हुये स्थान पर खेल के उपयुक्त मिट्टी को डाला गया अब बारी थी प्रशासन की ताकि प्रशासन द्वारा इस मिट्टी पर अच्छी तरह से पानी सींचकर उसे समतल करे ताकि उस पर सुरक्षित घास ऊगाई जा सके जो खेल मैदान के लिये और खिलाड़ियों के बेहतर हो लेकिन दुर्भाग्य कि मैदान का सबमरशिबल पम्प खराब पड़ा है और पानी की कोई व्यवस्था नहीं है लिहाजा स्थिति यह है कि खेल के दौरान मैदान से धूल उड़ती है जो खिलाड़ियों को खेल में बाधा पहुंचाती है और बीमारी भी कर रही है। अब तो खिलाड़ियों ने यह निर्णय लिया है कि वे ऐसी स्थिति में खेलना जारी नहीं रख सकते।

स्टेडियम में साफ पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। खिलाड़ियों और आगंतुकों को साफ पानी के बजाय गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता है। खेल आयोजनों और अन्य कार्यक्रमों के लिए मंच जैसी बुनियादी सुविधा का भी अभाव है। इसके अलावा, मैदान की सफाई और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे स्टेडियम की उपयोगिता लगातार घटती जा रही है। खिलाड़ियों ने प्रशासन के समक्ष कई बार अपनी समस्याएं रखीं, लेकिन उनकी शिकायतों पर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रशासन की इस लापरवाही ने खिलाड़ियों को हतोत्साहित कर दिया है और उनके भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग और खिलाड़ी अब इस दुर्दशा के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और स्टेडियम की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो खिलाड़ियों और नागरिकों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ सकता है। महात्मा गांधी स्टेडियम का यह हाल न केवल प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है, बल्कि खेल और खिलाड़ियों के प्रति उसकी उदासीनता को भी उजागर करता है।





## चौकी टाटरी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 17.10.2024 को दोपहर बाद चौकी टाटरी थाना खटिया को चौकी टाटरी क्षेत्र अंतर्गत बुड़बुडी नाला के सहायक नाला में एक अज्ञात महिला के शव होने की सूचना मिली थी। जिसपर पुलिस द्वारा तत्काल रवाना होकर घटना स्थल का निरीक्षण कर मौके पर नदी की रेत में आधे दबे शव जो की डीकंपोस्ड हो गया है। पुलिस द्वारा मौके की कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मर्ग जांच के दौरान आये तथ्यों एवं प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार के पर चौकी टाटरी थाना खटिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या कर साक्ष्य छुपाने की धाराओं में अपराध क्रमांक 62/2024 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी व मामले के खुलासे हेतु निर्देश दिये गये। जिसपर एसडीओपी नैनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी खटिया, चौकी प्रभारी टाटरी द्वारा अलग अलग टीम का गठन कर जिलें व जिले की सीमा से लगे थानों के गुमईंसान की सर्चिंग कराई गयी। विवेचना के दौरान थाना बम्हनी में पंजीबद्ध गुमईंसान के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। चौकी प्रभारी पुनीत बाजपेयी द्वारा गुमईंसान के परिजनों से संपर्क कर अज्ञात मृतिका के सामान एवं कपड़े जो की घटना स्थल से प्राप्त हुए से परिजनों द्वारा मृतिका की पहचान की गयी हैं। मृतिका की पहचान होने पर अग्रिम विवेचना के दौरान मृतिका के रवि उईके के साथ प्रेम प्रसंग की जानकारी प्राप्त हुई। मृतिका के परिजनों के बयानों, प्राप्त तथ्यों व तकनिकी जानकारी के आधार पर संदेही रवि उईके पिता लालसिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पोंडी, चौकी टाटरी थाना खटिया जिला मंडला से पुछताछ में आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए बताया की मृतिका की उसके साथ जान पहचान होकर प्रेम प्रसंग हो गया था और वह उससे शादी करना चाहती थी, किन्तु वह उससे शादी नहीं करना चाहता था, आये दिन मृतिका द्वारा फोन कर शादी का दबाव बनाने से तंग आकर उसने दिनांक 29.09.2024 को मृतिका को चिरईडोंगरी में मिलने के लिए बुलाया एवं अपने साथ मृतिका को लेकर टाटरी से दो तीन किलोमीटर आगें बुडबुडी नाले के किनारे बैठकर दोनों बातें करने लगें। मृतिका द्वारा शादी करने के लिए कहने पर इन्ही बातों में दोनों में विवाद हो गया एवं आरोपी ने जंगल में बैठकर बात करने का बोलकर जंगल ले गया एवं जान से मारने की साज़िश बनायी और मौका देखकर मृतिका के गले में रखे दुपट्टे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी एवं लाश छिपाने के लिए नदीं में रेत को हटाकर गढ़ढा खोदकर लाश के उपर रेत को डाल कर वहा से भाग गया। आरोपी को आज दिनांक को टाटरी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया, आरोपी से विस्तृत पुछताछ कर मामले से संबंधित अन्य जानकारी व साक्ष्य प्राप्त किये जाना है।

## कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग सेंटर औघटखपरी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को कस्टम हायरिंग केन्द्र औघटखपरी विकासखंड मंडला का निरीक्षण किया। उन्होंने कस्टम हायरिंग केन्द्र में ट्रेक्टर, रोटावेटर, मल्टीक्राप, थ्रेसर, रीपर, स्ट्रारीपर, कल्टीवेटर का अवलोकन किया। कृषक श्री रूद्रप्रताप नारायण ने कस्टम हायरिंग केन्द्र की लागत 23 लाख 55 हजार रूपए बताया गया। जिससे कृषि अभियांत्रिकी जबलपुर से अनुदान राशि 40 प्रतिशत प्राप्त है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कस्टम हायरिंग केन्द्र में सभी मशीनों को स्टार्ट करवाकर उनका निरीक्षण किया और उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर किसान रूद्र प्रताप सिंह ठाकुर के खेत में जाकर सुपरसीडर मशीन का भी अवलोकन किया। नरवाई न काटकर सुपरसीडर मशीन के माध्यम से गेहूं बुआई का कार्य किया जा रहा है। इससे भूमि की उर्वरकता क्षमता बढ़ती है और फसल का उत्पादन भी अधिक होता है।

## धर्मेंद्र ठाकुर बने सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया जा रहा है, जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मण्डला जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव को चुना गया वहीं प्रदेश प्रतिनिधि भोला राय को बनाया गया, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर निवास ब्रांच के अंतर्गत सभी बी पैक्स समितियों अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है, गुरुवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक निवास प्रांगण में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर का पुष्पहार, तिलक वंदन कर स्वागत किया गया. धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को आभार ज्ञापित करते हुए कर्मचारी संघ कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिये बनाये जाते हैं। समय-समय पर संघ के द्वारा शासन प्रशासन को दिये जाने वाले आवेदन निवेदन पर कितनी गंभीरता से विचार किया जाता है यह हमारे संख्याबल और उपस्थिति पर निर्भर करता है। इसलिये संघ के आव्हान पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सक्रीय उपस्थिति भी दर्ज कराना होगा. आप सभी के स्नेह और विश्वास के लिये आभार जिलेभर के एक-एक कर्मचारी हितों की रक्षा हो इसके लिये सदैव प्रयत्नशील रहूंगा।

इस मौके पर शाखा प्रबंधक आशा साहू, समिति प्रबंधक सत्येन्द्रधर द्विवेदी, लक्ष्मी रजक, आशीष रजक, संजय रजक, श्याम यादव, रामकुमार यादव, अतुल रजक, रघुवीर मार्को, मुनेश साहू, गोवर्धन, बबलू, रामचंद्र श्रीवास सहित सभी कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

कार्यशाला | मत्स्य पालन की छात्रों को दी गई विभिन्न जानकारी

# छात्रों के लिये कृषि विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

*** रेत उत्खनन से मछलियों के आस्तित्व पर खतरा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अंतर्राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के अवसर पर शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में श्रीमती कल्पना नामदेव प्राचार्य के मार्गदर्शन में कृषि संकाय के छात्र एवं छात्रों को मछली पालन विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके तहत आर आर धुर्वे सहायक मत्स्य अधिकारी के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के लाभकारी योजनाओं की जानकारी 11वीं एवं 12वीं के कृषि संकाय के छात्र एवं छात्रों को जानकारी दी गई इस अवसर पर विशेषाज्ञो के द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि के विकास के साथ-साथ मत्स्य पालन करने से समाज उन्नति के लिए क्रांति ला सकता है मंडला जिला एक कृषि प्रधान जिला है धान गेहूं के साथ ही हमें तलावों का निर्माण कराकर मछली पालन कर हम अपने जीवन यापन की आर्थिक स्थिति में बदलाव ले सकते हैं इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण तथा जैव विविधता के संतुलन के जल के जीवन में संतुलन के लिए मछली के संरक्षण के लिए उपयोगी बताया है छात्रों ने नदियों एवं तालाबों को प्रदूषण से हटाने नदियों के किनारे कीटनाशक उर्वरक का उपयोग न करने साबुन शैंपू का प्रयोग न करने का संकल्प भी लिया इस अवसर पर श्रीमती कल्पना नामदेव प्राचार्य के द्वारा अवगत कराया की कृषि संकाय का उद्देश्य है कि छात्र एवं छात्रों में पूर्ण जानकारी हो ताकि बच्चे अपने जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ कृषि के क्षेत्र में भी प्रगति कर सकें कार्यक्रम में आर के क्षत्री पर्यावरण विद एवं जिला जैव विविधता सदस्य ने छात्रों को अवगत कराया की नर्मदा नदी में पाई जाने वाली राजकीय मछली महाशीर का अस्तित्व संकट में है जिसे हम टाइगर ऑफ नर्मदा भी कहा जाता है इस महाशीर मछली की आवश्यकता स्वच्छ जल होती है और वही प्रजनन करती है नर्मदा में लगातार होने वाले रेत खनन तथा अवैध शिकार के कारण साथ ही विस्फोटक पदार्थ एवं अपशिष्ट पदार्थों के कारण महावीर मछली की संख्या लगातार घटती चली जा रही है जो एक चिंता का विषय है इसे हमें आम जनता में जागरूकता लाकर ही बचाया जा सकता है बरसात के दिनों में मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रजनन काल की प्रक्रिया में मछली मारना प्रतिबंधित किया जाता है जिसे जनसमुदाय को भी इस प्रतिबंध का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि नर्मदा के जल को शुद्ध करने का कार्य भी यही जलीय जीव करते हैं श्रीमती अपराजिता पाठक के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में आर के हरदा मुकेश चौरसिया नत्थूसिंह घोसी सेवानिवृत्ति शिक्षक राजेश क्षत्री उपस्थित थे।



## मंडी उड़न दस्ता टीम ने पकड़ी तीन गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



संभागीय संयुक्त संचालक जबलपुर एच आर लारिया द्वारा जारी दिशा निर्देश के परिपालन में प्रभारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति बिछिया कन्हैया सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में स्थानीय उड़नदस्ता दल के कर्मचारी आकाश ठाकुर सहायक उप निरीक्षक, बृजकिशोर नामदेव सहायक उप निरीक्षक और कन्हैया पटेल सहायक उप निरीक्षक के द्वारा दिनांक 19/11/2024 को मंडी क्षेत्र अंतर्गत औचक निरीक्षण करके कृषि उपज का अवैध परिवहन करने वाले तीन वाहनों पर मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इस तारतम्य व्यापारी फर्म नायक ट्रेडर्स देवरी के द्वारा वाहन क्रमांक एम पी जेड डी 5481 में अवैध परिवहित मक्का कुल 205 क्विन्टल पर कुल दाण्डिक मंडी शुल्क 25108रुपये समझौता शुल्क 5000 रुपये 5019 रुपये कुल जुर्माना राशि 35127 रुपये, इसी प्रकार व्यापारी श्री देवेंद्र झारिया धवईपानी द्वारा अपने वाहन एम पी 51 जी 1825 मे परिवहित धान 20क्विंटल पर दण्डिक मंडी शुल्क, समझौता शुल्क, निराश्रित शुल्क कुल2900 रुपये , तथा व्यापारी फर्म संतोष इमरत ट्रेडर्स मैना पिपरिया पलारी द्वारा वाहन क्रमांक सी जी 22 जी 9991 मे अवैध रूप से परिवहित कृषि उपज मक्का कुल 328.20 क्विंटल पर मंडी अधिनियम1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन पर धारा 19(4) के तहत कार्यवाही करते हुए पांच गुना दाण्डिक मंडी शुल्क 57364 रुपये, समझौता शुल्क 5000 रुपये तथा निराश्रित शुल्क 11472 कुल 73836 रुपये वसूल कर शासन के खजाने में जमा कराए गए।इस प्रकार तीन वाहनों पर कार्यवाही कर कुल एक लाख ग्यारह हजार आठ सौ तिरेसठ रुपये जुर्माना कार्यवाही कर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में व्यापारी फर्म संतोष इमरत ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर संतोष साहू द्वारा वाहन सी जी 22 जी 9991 में कम्प्यूटर जनरेटेड अनुज्ञा पत्र के साथ छेड़ छाड़ कर कूटरचित मंडी अनुज्ञा पत्र दस्तावेज पेश किया गया, जिसके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लेख किया गया है।

# कहीं चोरी तो नहीं हो गई कुछ साल पहले ग्राम चोर बरहटा से मेहराखेड़ा तक बनी हुई 20 लाख रूपये से भी अधिक कीमत की प्रधानमंत्री सड़क



गाडरवारा

केन्द्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को सुविधा पहुंचाने के साथ साथ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव प्रधानमंत्री या फिर मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़को का निर्माण कराने के लिये हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इन सड़को का निर्माण कराने वाले जिम्मेदारों की मिली भगत का परिणाम इस तरह से देखने मिलता है कि सरकारी धन की होली खेलते हुये इन सड़को का निर्माण इस गुणवत्ता के साथ किया जाता है कि वह चंद दिनों के अंदर ही अपनी गुणवत्ता की कहानी उजागर करने से नही चूकती है या फिर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सिर्फ कागजों पर ही तैयार होकर रहे जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चीचली ब्लाक के ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच कुछ वर्ष पहले बनी हुई प्रधानमंत्री सड़क को देखते हुये जान पड़ रहा है। बताया जाता है कि शासन द्वारा पहुंच बिहीन माने जाने वाले इन ग्रामों में निवास करने वाले लोगों को शहर से जोड़ने की सोच रखते हुये प्रधान मंत्री सड़क योजना के 20.35 लाख रूपया स्वीकृत करते हुये इन दोनों गांवों के बीच प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण होना था। वही जब बीते हुये दिवस हमारी टीम द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो पक्की सड़क का नामोनिशान ही नजर नही आ रहा था मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर स्थापित किया गया वोर्ड जरूर झाड़ियो के बीच अपनी बदहाली पर आंसू बहाने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई पड़ रहा था। मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार इस सड़क का निर्माण कार्य 29 सितम्बर 2012 से शुरू हुआ है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि 28 जून 2013 दर्ज देखी जा रही है। वही निर्माण कार्य करने वाली कंपनी श्रीकृष्ण कंस्ट्रक्स कंपनी शिवपुरी व जिस संस्था के मार्ग दर्शन में कार्य पूर्ण होना था वह महाप्रबंधक (म.प्र. ग्रा.स.वि. प्रा.) दर्ज दिखाई पड़ रहा है। इस तरह बीस लाख से भी अधिक की राशि से बनने वाली इस प्रधानमंत्री सड़क को लेकर मौके पर लगे हुये वोर्ड की सच्चाई पर गौर किया जावे तो 28 जून 2013 निमार्ण कार्य हो चुका है? मगर मौके पर वोर्ड के आलवा सड़क नजर ही नही आ रही है सिर्फ निर्माण कार्य के नाम पर पत्थर जरूर दिखाई पड़ रहे है जिससे लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि कही ऐसा तो नही की सड़क चोरी हो गई हो..? मान लिया जावे के निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा आज से लगभग 10-11 वर्ष पहले यानि की वर्ष2013 में इस प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर दिया गया था तो फिर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पायेगा कि आखिरकार किस गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य किया गया होगा जिसके चलते चंद वर्ष के अंदर ही सड़क का मौके से नामोनिशान ही गायब हो गया है। जबकि नियम के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य करने वाली कंपनी का निर्माण की गई सड़क पर पांच वर्ष तक की गारंटी होती है और यदि कोई टूट फूट होती है तो उसको सुधार कार्य करते हुये उसे सुरक्षित रखा जाता है। इस तरह मौके पर लगे हुये वोर्ड के हिसाब से चार वर्ष तक तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी कोा सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी





थी जिसके चलते वर्ष 2018 तक इस सड़क को किसी भी प्रकार से क्षति पहुंच ही नही सकती थी? वही कंपनी की गारंटी से बाहर इस सड़क को मात्र 6 साल ही अतिरिक्त हुये है इन 6 सालो के बीच पूरी सड़क ही गायब नजर आने से नही चूक रही है? कही ऐसा तो नही की इस सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ कागजों पर ही पूरा हो गया हो ... खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने? मगर सड़क निर्माण के नाम पर मौके पर सिर्फ चंद पत्थर ही नजर आ रहे है और वह पत्थर भी क्षेत्र की नदियो से अवैध खनन करने होने की सच्चाई उजागर करते हुये जान पड़ रहे है? क्योंकि किसी भी प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में गोल पत्थरों के माध्यम से निर्माण कार्य नही होता है जिसके चलते सड़क पर पड़े हुये पत्थरों से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि यह पत्थर शायद ग्रामीणों द्वारा अपनी सुविधा के लिये आसपास के नदियों से उठाकर डाले गये होगे? इस प्रकार से ग्राम चोर बरहटा से ग्राम मेहराखेड़ा के बीच लगभग 11 वर्ष पहले निर्मित हुई 20 लाख से भी अधिक कीमत की सड़क की यदि निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि इस सड़क का निर्माण हो जाता तो निश्चित तौर से हम लोगों को काफी सुविधाये मिलने लगती। क्योंकि रात के समय हम लोगों को खेतों में आने जाने या फिर जरूरत पड़ने पर डोगरगांव पुलिस थाना जाना पड़ता है तो इसी सड़क से आना जाना करते है। मगर आज भी हमे कच्ची सड़क से अपनी जिन्दगी दांव पर लगाकर निकलने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### युवा पीढ़ी से संवाद कर नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प

**गाडरवारा।** जिला श्रीमती मृगाखी डेका के निर्देशन में बीते हुये दिवस नगर के पी जी कालेज में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत छात्र छात्राओं से संवाद किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक प्रियंका केवट, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया, गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल के साथ कालेज के प्रोफेसर डॉ सुनील शर्मा, प्रोफेसर दर्शन सिंह किरार, नीरज बालही की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ मे छात्र नेता स्तुति सोनी ने देशहित में प्रेरणा दायक गीत गाया। वही कार्यक्रम में गायत्री परिवार से मूलचंद पटेल ने नशे के कारण ,दुष्परिणाम जानकारी दी। वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और वर्तमान में अधिकांश युवा नशा के गर्त में जाकर अपना जीवन उजाड़ रहे है। इस उन्होंने छात्र छात्राओं को अच्छे कार्यों को करने की अपील की गई। वही कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने नशा के दुष्प्रभाव , नशे से उत्पन्न अपराधो पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को जीवन मे अनुशासन , संस्कारित होकर आध्यात्म से जुड़ने के लिये जागरूक किया। वही कार्यक्रम के अंत मे गायत्री परिवार के वयोवृद्ध पटवा जी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रोफेसर दर्शन सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में संयोजक के रूप मे छात्र नेता स्तुति सोनी,अमित गुर्जर, राज कोरी,अभिषेक गुर्जर,चंद्रशेखर कोरी,विवेक जाटव एवं आदित्य श्रीवास का विशिष्ट सहयोग रहा।

### महाविद्यालय के छात्रों को शपथ दिलाते हुये पुलिस अधिकारी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन प्रशासन अवैध उत्खन्न के अवैध कारोवार को लेकर सख्त दिखाई पड़ रहा है? वही दूसरी ओर जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली क्षेत्र ऊमर नदी में इस समय चल रहा ग्रिबल का अवैध उत्खन्न पता नही प्रशासन की नजर में क्यों दिखाई नही पड़ रहा है? जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि इस समय क्षेत्र की ऊमर नदी में प्रति दिन सैकड़ो ट्राली ग्रिबल का अवैध उत्खन्न किया जा रहा है? मगर इसके बाद भी प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अपनी चुप्पी साध लेना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है। वही प्रशासनिक अधिकारियों भी भूमिका पर सबालिया निशान लगाता जा रहा है? क्षेत्रीय जनचर्चाओं से मिल रही जानकारी के अनुसार ग्राम ढ़ाना, बारहाबड़ा, मारेगांव से निकली ऊमर नदी में लोगों द्वारा तथा कथित रूप से अवैध उत्खन्न करते हुए प्रदिदिन सैकड़ो ट्राली ग्रिबल निकाली जा रही है? जो प्रतिदिन तहसील मुख्यालय से होकर सांईखेड़ा, गाडरवारा, सालीचौका, चीचली सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंच रही है? मगर इसके बाद भी पता नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा शासन की संपदा का खुलेआम दोहन करते हुए लूटने की क्यो छूट दे रखी है? लोगों का कहना है कि ऊमर नदी में उत्खन्न करने के लिए शायद मुश्किल से ही एक दो स्थानों पर खदान घोषित हुई होगी? मगर इसके बाद भी नदी के अनेक घाटों पर लम्बे समय से अवैध उत्खन्न का कार्य चल रहा है? इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही न करना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है? वही प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर भी अनेक प्रकार के सबाल खड़े कर रहा है? क्षेत्र के लोगों द्वारा जिला कलेक्टर से उमर नदी में हो रहे अवैध उत्खन्न पर शीघ्र रोक लगाने की अपेक्षा जताई गई है।

# ब्रम्हाकुमारी बहिनों ने नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये युवाओं को किया जागरूक





**गाडरवारा।** क्षेत्र में लगातार युवा पीढ़ी जिस तरह नशे की लत का शिकार होते हुये देखी जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशा मुक्ति के लिये जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के बीटीआई स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा ब्रम्हाकुमारी संस्था सहित अन्य समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में नगर के बीटीआई स्कूल में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रियंका केवट, उप निरीक्षक मनीषा लिल्हार, समाजसेवी मुकेश बसेड़िया व प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था की बहिनों के आलवा संस्था के शिक्षक व छात्र छात्राये मौजूद थें। इस मौके पर इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा कहा गया कि नशा सिर्फ एक ही व्यक्ति नही पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है तो दूसरी ओर इसके चलते रिस्तेदारों की ईज्जत भी दाव पर लगने से नही चूक पाता है। क्योंकि कोई युवा जब किसी नशे की लत का शिकार हो जाता है तो वह अपनी लत को पूरा करने के लिये घर की सामग्री को बेचने से नही चूकता है और इसके बाद चोरी, लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर देता है। इस स्थिति में उसके घर लड़ाई झगडों की शुरूआत होने के कारण परिवार टूटने से नही बच पता है। वही दूसरी ओर इस तरह टूटते हुये परिवार को देखकर रिस्तेदार भी दूरी बनाना शुरू कर देते है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा कहा गया कि नशें की लत से युवाओं को छुटकारा दिलाने के लिये पुलिस द्वारा तो लगातार कार्यवाही की जा रही है। मगर पुलिस की कार्यवाही से अधिक जरूरत हम सबकों मिलकर नशे की लत का शिकार बन चुके युवाओं को जागरूक करने की है। वही दूसरी ओर जो लोग इसके शिकार बन चुके है उनका भी पूर्ण निःशुल्क रूप से नशामुक्ति केन्द्रो में उपचार की व्यवस्था की जा रही है। हम सब लोग इस तरह नशे की लत के शिकार हो चुके लोगों को चिन्हित कर लेवे तो उन्हें इलाज के लिये भेजा जा सकता है। इसी प्रकार से ब्रम्हाकुमारी बहिनों द्वारा भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुये बताया कि नशे की लत ही व्यक्ति के पतन का कारण बनती है। इस तरह नशे से दूर रहने के लिये हमे आज शपथ लेकर छोड़ने की जरूरत है। वही ब्रह्मा कुमारी अनुपमा दीदी ने बच्चों को अपने अमूल्य जीवन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जिस प्रकार महंगी डीजल वाली गाड़ी होने पर हम उसमें डीजल की जगह पेट्रोल भूलकर भी नहीं डालते ताकि गाड़ी खराब ना हो जाए लेकिन भगवान द्वारा मिली यह सुंदर शरीर रूपी गाड़ी में हम ना जाने क्या-क्या डालते रहते हैं। नशा हमारे शरीर में कई प्रकार की बीमारियां पैदा करता है इससे हमें स्वयं को बचाना होगा। शरीर रूपी गाड़ी को सुरक्षित रख जीवन रूपी यात्रा में सदा सफलता प्राप्त करना है एवं ब्रह्मकुमारी अंजना दीदी ने सभी को नशा न करने की प्रतिज्ञा कराई की हमे नशें से सदा ही दूर रहना है। इस दौरान उन्होंने संस्था के छात्रों सहित मौजूद अन्य लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# धान की खरीदी का कार्य 2 दिसम्बर से शुरू होकर चलेगा 20 जनवरी 2025 तक, गाडरवारा क्षेत्र में खरीदी केन्द्रों का किया निर्धारण

गाडरवारा




राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य पंजीकृत किसानों से 2 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किये जाने के निर्देश दिये हैं। जारी शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के अंतर्गत आने वाली सभी तहसील क्षेत्रों में धान उपार्जन कार्य के लिए वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार तहसील गाडरवारा के लिए शासकीय कैम्पस गाडरवारा हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, ऋषभ वेयर हाउस गाडरवारा हेतु वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा, सिद्धि वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था पचामा, जनकपुर वेयर हाउस सहावन हेतु सेवा सहकारी संस्था बाबई कला,आनंद वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था खैरुआ, राधारमण वेयर हाउस कौड़िया हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, रेवाश्री वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था बाबई कला केन्द्र क्रमांक- 2, बड़कुर वेयर हाउस सिंहपुर छोटा एक हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया चारगांव, बड़कुर वेयर हाउस सिंहपुर छोटा दो हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया चारगांव केन्द्र क्रमांक- 2, श्री माया वेयर हाउस सालीचौका हेतु विपणन सहकारी समिति चीचली, जैन वेयर हाउस अजंसरा हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, दीप वेयर हाउस कनवास हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर, विनायक वेयर हाउस सालीचौका हेतु सेवा सहकारी संस्था चीचली, तिरूपति वेयर हाउस खमरिया हेतु सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, मां नर्मदा वेयर हाउस भौरझिर हेतु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, श्रीसांई आशीष वेयर हाउस चीचली रोड हेतु सेवा सहकारी समिति छैनाकछार, गुरू कृपा वेयर हाउस बटेसरा हेतु वहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव, प्रतीक वेयर हाउस पिठेहरा हेतु सेवा सहकारी समिति इमझिरी एवं स्वामी वेयर हाउस कामती हेतु सेवा सहकारी संस्था महगवां खुर्द को खरीदी स्थल बनाया गया है। इसी तरह तहसील सांईखेड़ा के लिए आर लक्ष्मण वेयर हाउस गरधा हेतु सेवा सहकारी समिति पीपरपानी, दिव्या वेयर हाउस खैरी, ककराघाट रोड हेतु सेवा सहकारी संस्था कोड़ियि, आयरा वेयर हाउस सांईखेड़ा रोड हेतु सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, मां रेवा वेयर हाउस देवरी हेतु सेवा सहकारी संस्था सासबहू एवं सुविधा वेयर हाउस तूमड़ा हेतु सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा को खरीदी स्थल बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार उपरोक्त समितियां निर्धारित स्थल पर धान उपर्जान का कार्य पंजीकृत किसानों से करेगी। उपार्जन केन्द्र पर मानव संसाधन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बिजली, जन सुविधायें, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सर्वेयर, तुलाई, परिवहन आदि व्यवस्थायें सुनिश्चित करेगी। कृषक अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी केन्द्र पर उपार्जन अवधि की किसी भी दिनांक का फसल विक्रय के लिए स्लॉट बुक, धान विक्रय के लिए आवेंगे, धान में छन्ना लगाकर साफ- सुथरा अच्छी गुणवत्ता लेकर आयें। इसका उप संचालक कृषि अपने मैदानी अमले के मध्यम से व्यापक प्रचार- प्रसार करेगा। समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने- अपने अनुविभाग के अंतर्गत अनुविभाग स्तरीय गठित उपर्जान समिति द्वारा उपार्जन केन्द्रों का सतत भ्रमण कराकर समस्त विवादों का अंतिम निराकरण तथा उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी करेंगे। उपार्जन केन्द्रों पर भौतिक एवं सुविधायें, उपार्जित मात्रा की सही प्रविष्टि एवं गुणवत्ता नियंत्रात्मक कार्यवाही व क्रियान्वयन उपायुक्त सहकारी संस्थायें एवं महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा सुनिश्चित किया जावेगा।

# रामकथा में कहा गया है कि यदि व्यक्ति के कर्म अच्छे हैं तो भगवान का मिलना संभव है : पं.वीरेन्द्र शास्त्री

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव स्थित साई धामं मंदिर समिति द्वारा 7 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के अयोध्या कांड कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे दिवस कथा व्यास पंडित बीरेन्द्र जी शास्त्री महाराज ने बताया कि मौजूद श्रोताओं को भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन करते हुये सुनाया कि भगवान श्रीराम कथा कहती है कि लोग अपने पैसा रूपया के बल पर कितने ही बड़े-बड़े मकान क्यों ना बना ले, अगर कर्म अच्छे नहीं है तो उसे भगवान का मिलना संभव नही हो कसता है। भगवान कभी व्यक्ति को पैसे रूपया के बल पर प्राप्त नही हो सकते है, यदि भगवान से मिलना है तो मानव जीवन में अपने कर्म सुधारना पड़ेगे, अगर आपके कर्म अच्छे है तो भगवान का मिलना निश्चित है, भगवान अच्छे कर्म करने वाले भक्तों के लिये किसी भी रूप में मिल जाते है। यदि व्यक्ति के कर्म अच्छे होते है तो उसका जीवन खुशियों से भरा पड़ा रहता है। यदि आपके कर्म अच्छे नही है पैसा भरपूर है और अनेक बीमारियों से घिरे हुये है तो पैसा रहते हुये जीवन को खुशी प्राप्त नही कर पाते है। जीवन में अगर खुशी रहना है तो परिवार राम का होना अति आवश्यक है। बिना रामयण के इंसान इंसान नही है। वह तो फिर पशु के समान हो जाता है है। जीवन में अगर रामयण है तो। फिर व्यक्ति देवता भी बन जाता है।। परिवार के लोगों के बीच एक दूसरे के प्रति केसा प्रेम होना चाहिए। यह राम कथा बतातीं है और सिखाती है। क्योंकि रामचरित मानस में भाई-भाई के प्रति प्रेमा तो माता पिता के सम्मान संस्कार को भी रामायण सिखाती है। यदि जिस घर में रामायण की चार चौपाई प्रतिदिन पढ़ी जाती है तो समझो उस घर में खुशहाली के द्वार खुले है। मगर यह हो नही रहा है कहने के लिये तो लोगों के घरों में रामायण रखी हुई है। मगर आज के युवाओं को उसे खोलकर पढ़ने के लिये समय ही नही है। क्योंकि मोबाईल की दुनिया में खोये हुये है और कल्पना की जाती है राम राज की ...। पहले देखा जाता था कि शहर हो या फिर गांव सावन भादों माह में रात के समय हर घर से रामायण पढ़े जाने की आवाज सुनाई देती थी। मगर आज की युवा पीढ़ी को तो यह तक पता नही होगा कि रामायण जी में कीतने कांड समाहित है। आज जिस घर में रामायण जी का प्रतिदिन पाठन हो रहा है उस घर में कायदा, मार्यदा व संस्कार भरे पूरे देखने मिल सकते है। हमारे घरों में सिर्फ रामायण जी को रखने से रामराज नही आ सकता है। रामायण जी को पढ़ने से ही ज्ञान प्राप्त होता है। इसलिये मेरी हर व्यक्ति से यही अपेक्षा है कि वह अपने घर में प्रतिदिन रामायण जी की कम से कम चार चौपाई को जरूर पढ़े यदि रोज नही पढ़ पा रहे है तो माह में एक बार ही पढ़ सकते है। इस तरह चल रहे रामकथा के आयोजन में लोगों का हुजूम उमड़ते हुये देखने मिल रहा है।



# दादा धूनी नगरी में नपा अध्यक्ष श्रीमति अग्रवाल ने किया मंत्रीगणों का स्वागत



**सांईखेड़ा।** समीपस्थ गाडरवारा शहर में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का गाडरवारा आगमन के दौरान जब वह वापिस भोपाल लौटने के दौरान तथा कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग सहित क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जब भोपाल जाने के दौरान दादा धूनी नगरी सांईखेड़ा पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति स्वाति/सचिन अग्रवाल द्वारा सभी मंत्रियों का सांईखेड़ा आगमन पर भव्य स्वागत करते हुये नगर परिषद आने के लिये आमंत्रित किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमति अग्रवाल को दोनों मंत्रियों द्वारा शीघ्र ही नगर परिषद सांईखेड़ा आने का भरोसा दिलाते हुये कहा कि हमें बड़ी लालसा है कि शीघ्र ही आपके आमंत्रण को पूर्ण करते हुये दादा धूनी वालों का दर्शन करते हुये आर्शीवाद लेने का अवसर मिले। इस तरह मंत्रियों के स्वागत के दौरान सांईखेड़ा क्षेत्र के सचिन अग्रवाल सहित अनेक भाजपा के नेतागण भी मौजूद थें।

# शासकीय चिकित्सालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



***गाडरवारा।*** तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मा. मनीष कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बीते हुये दिवस सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा में न्यायाधीश मा.सूरज सिंह राठौड, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीडन (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया गया । विधिक साक्षरता शिविर में सूरज सिंह राठौड, चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा हॉस्पिटल में कार्यरत महिलाओं को जानकारी देते हुये बताया कि सन् 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन अधिनियम को पारित किया गया था । जिन संस्थाओं में दस से अधिक लोग काम करते है, उन पर यह अधिनियम लागू होता है। जैसा कि इसका नाम ही इसके उददेश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में, पीडित को निवारण प्रदान करने के लिये भी ये कार्य करता है । यह कानून क्या करता है जिसमें बताया गया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन को अवैध करार देता है। यह कानून यौन उत्पीडन के विभिन्न प्रकारों को चिन्हित करता है, और यह बताता है कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की स्थिति में शिकायत किस प्रकार की जा सकती है। यह कानून हर उस महिला के लिये बना है जिसका किसी भी कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन हुआ है। कार्यस्थल कोई भी कार्यालय / दफतर हो सकता है, चाहे वह निजी संस्थान हो या सरकारी। इसके साथ ही यह भी बताया कि महिला को यौन उत्पीडन की शिकायत लिखित रूप में आंतरिक शिकायत समिति को किया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त सभी उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को घरेलु हिंसा से संबंधित मानसिक हिंसा, भावनात्मक हिंसा, एवं आर्थिक हिंसा पर प्रकाश डालते हुये विस्तार से समझाया गया । उक्त शिविर में चिकित्सालय प्रभारी डी पी पंथी, बीएमओ डा श्रीमति बबीता सिंह, डा विनीत जैन, डा श्रीमति शिप्रा कौरव, डा कुमारी संचिता राय के आलवा चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफीसर एवं आशा कार्यकर्ता सहित श्रीमति शिखा सोनी, पीएलव्ही शेख रहीम की उपस्थिति रही।



### संस्कार भवन के मालिक बबलू का निधन

**गाडरवारा।** स्थानीय कामर्थ वार्ड निवासी तथा संस्कार मैरिज भवन के संचालक यानि मालिक युवा तथा मिलनसार स्वभावग के धनी सूरज पटैल बबलू भाई का बीते हुये दिवस अचानक तबियत खराब होने के चलते उपचार हेतु नागपुर ले जाया गया था जहां पर इलाज के दौरान उनका निधन होने के चलते गाडरवारा में शोक का महौल देखने मिला। वही दूसरी ओर स्व. बबलू पटैल की शवयात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ो की संख्या में शामिल होकर लोगों ने उन्हें अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।









## खबर संक्षेप

### कार की जोरदार टक्कर से मोटरसाइकिल सवार मजदूर की हुई मौत

**डिंडोरी**-जिले के विक्रमपुर पुलिस चैकी क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर रोड में ग्राम डुगरिया और आनाखेड़ा के बीच शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना लगते ही चैकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनोज कुमार पिता दयाराम उरेती उम्र 35 साल निवासी ग्राम अमठेरा अपनी मजदूरी का पैसा लेने मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 52 एम सी 9819 से आनाखेड़ा गांव आ रहा था। दोपहर करीब 2 बजे डिंडोरी की तरफ से जा रही तेज रफ्तार बिना नंबर की कार चालक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में मजदूर बुरी तरह घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### छात्र ने कनेर के बीजों का किया सेवन

**डिंडोरी**। जिले के अमरपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुडिया के एक छात्र को कनेर के बीज खा लेने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी की पुलिस को दिए कथन में गणेश प्रसाद राठौर पिता संतोष सिंह राठौर उम्र 17 साल ने बताया कि मैं समनापुर के मॉडल स्कूल में कक्षा नौवीं में पढ़ता हूं। गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे दो किलोमीटर दूर तालाब के पास लगे कनेर के पेड़ से तीन बीज तोड़कर मैने ने खा लिया था, जिससे मेरी तबीयत खराब होने लगी और उल्टियां होने लगी। मैने अपनी बहन को कनेर के बीज धोखे से खा लेने के बारे में बताया। तब मेरे पिताजी ने 108 एंबुलेंस गाड़ी को फोन कर बुलाए। 108 एंबुलेंस से मुझे जिला चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया।

### जगत विहीन कुआं में गिरने से जंगली सुअर की मौत

**अनूपपुर**। वन परिक्षेत्र जैतहरी के क्योटार बीट अंतर्गत क्योटार गांव में एक किसान के खेत में बने जगत विहीन कुंआ में गिर जाने से जंगली सुअर की मौत हो गई कुआं के चारों ओर खेत में लगे धान को काटने गए किसान ने शुक्रवार की सुबह देखने पर वनविभाग को सूचित किया। जिस पर वनविभाग के द्वारा कार्यवाही की। घटना के संबंध में वन परिक्षेत्र जैतहरी की परिक्षेत्र सहायक आर.एस.सिकरवार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह के क्योटार बीट के क्योटार गांव निवासी किसान भीमसेन पिता मिलन राठौर में फोन कर बताया कि उनके खेत में लगे धान के बीच स्थित जगत विहीन कुआं में एक जंगली सुअर मृत स्थिति में है। सूचना पर बीट गार्ड क्योटार लक्ष्मी बैगा सहित मैं स्वयं स्थल पर जाकर देखा कि धान के खेतों के बीच स्थित जगत विहीन कुआं में एक जंगली सूअर मृत स्थिति में पानी में उतरा रहा है। जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालते हुए पंचनामा की कार्रवाई की गई तथा वन डिपो जैतहरी लाकर कर पशु चिकित्सक सचिन समैया से पीएम कराने के बाद प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी शिवम कोष्ठी, प्रभारी तहसीलदार जैतहरी संजय जाट, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, परिक्षेत्र सहायक जैतहरी आरएस सिकरवार, नगर परिषद जैतहरी के वार्ड 13 पार्षद राजकिशोर राठौर, वनरक्षक लक्ष्मी बैगा एवं सत्येंद्र मिश्रा की उपस्थिति में पूरे सम्मान के साथ मृत नर जंगली सूअर का अंतिम संस्कार किया गया।

### जिले के 1 लाख 49 हजार 688 परिवारों को मिल रहा निःशुल्क राशन

**अनूपपुर**। जिले के पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि खाद्य विभाग द्वारा नवम्बर 2023 से पीएमजीकेएवाई (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) अंतर्गत कुल 01 लाख 35 हजार 619 पात्र परिवारों के 5 लाख 42 हजार 450 सदस्यों को पीएचएच श्रेणी (प्राथमिकता परिवार), एएवाई श्रेणी में कुल 14 हजार 60 पात्र परिवारों के 45 हजार 686 सदस्यों तथा बाल कल्याण योजना अंतर्गत कुल 09 पात्र परिवारों के 15 सदस्यों को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न (पीएचएच परिवारों को प्रति सदस्य 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न व एएवाई परिवारों को 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न) का वितरण किया जा रहा है।

## सीवर लाइन निर्माण कंपनी शासन को गुमराह कर कार्य में बरत रही लापरवाही



डिंडोरी

शहर में सीवर लाइन निर्माण कर रही कंपनी के खिलाफ अधिवक्ता सम्यक जैन ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव से लेकर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को सीवर लाइन निर्माण कंपनी के ख़िलाफ लापरवाही पूर्वक कार्य करने व सही ढंग से रेस्टोरेशन का कार्य नहीं करने पर मुकदमा दर्ज करने पत्र लिखा है। नगर में बन रही सीवर लाइन का काम पिछले छरू साल से चल रहा है। दो कंपनी शहर में सीवर लाइन बनाने का काम कर रही हैं। इसमें से एक कंपनी गुजरात के अहमदाबाद की मेसर्स जेएम रमानी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड नगर के वार्ड पर काम कर रही है। कई माह से नगर के वार्डो में गुड़वत्ता युक्त रेस्टोरेशन का कार्य नहीं किया गया जिसकी लापरवाही से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खोदी गई सड़क में आए दिन वाहन पंचर हो रहे है या तो नागरिक घायल हो रहे है वही मुरूम की चपेट में आने से मोटरसाइकिल वाहक हादसे का भी शिकार हो रहे है जिससे कंपनी की गंभीर लापरवाही सामने आती है, इसी को लेकर अधिवक्ता ने निर्माण कंपनी के व परियोजना में संलिप्त अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध सड़क रेस्टोरेशन व सीवर लाइन में षड्यंत्रपूर्वक अनैतिक ढंग से बिछाये जा रहे पाइपलाइन में लापरवाही बर्तने पर कार्रवाई करने की माँग की है ताकि कंपनी के द्वारा शासन के साथ छल व राशि की दुरुपयोग किए जाने से बचाया जा सके वही आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए।

### अनुपयुक्त पाइपलाइन का कर रहे उपयोग

शौचालय के अलावा अन्य निस्तारी पानी की निकासी किसी भी दशा में सीवर लाइन में डाली गई 6 इंच पाइप लाइन से संभव नहीं है । वही यदि इसमें निस्तारी लाइनो यानी नाली के पानी को जोड़ दिया जाता है तो इनमें निकलने वाले ठोस अपशिष्ट सॉलिड वेस्ट के कारण महज कुछ दिनों में पूरी लाइन चोक होने की पूरी संभावना है जिसको साफ करने की व्यवस्था नगर परिषद के पास नहीं है ।

### निर्माण कंपनी प्रशासन को कर रही गुमराह

निर्माण कंपनी के द्वारा जो कार्य 2 वर्ष में पूर्ण कर लेना चाहिए था वह कार्य 6 वर्ष बाद भी पूर्ण नहीं किया गया। वही एनजीटी ने विकासशील ऑर्डर पास किया था जिसका अनुपालन करने में जिला प्रशासन विफल रहा। सही ढंग से देखरेख नहीं होने के कारण निर्माण कंपनी की मनमानी चरमसीमा में है जिससे शासन को करोडो रुपए का नुकसान हो रहा है।

## रोजगार सहायक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत : गोरेलाल दूर्वासा की केवलारी में नवीन पद स्थापना आदेश जारी

सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर ने जारी किया नियुक्ति आदेश

एमपी हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के बाद गोरेलाल दूर्वासा की नियुक्ति किया गया था रद्द



डिंडौरी न्यूज़।

समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकर्रामठ में पदस्थ रहें ग्राम रोजगार सहायक गोरेलाल दूर्वासा की नियुक्ति एमपी हाई कोर्ट के आदेश के बाद निरस्त कर दिया गया था, हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश पर गोरेलाल दूर्वासा द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर राहत चाही गईं थी। मामले में राज्य सरकार ने पक्ष रखते हुए जनपद में रिक्त हुए पदों में नियुक्त करने सुप्रीम कोर्ट में खाका पेश किया था, जिससे सहमत होते हुए सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया ने आदेश पारित कर रोजगार सहायक को राहत प्रदान की हैं।

### ये हैं पूरा मामला

कार्यक्रम अधिकारी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम-म.प्र., जनपद पंचायत समनापुर के आदेश क्रमांक/244/समनापुर, दिनांक 29.12.2010 से श्री गोरेलाल पिता श्री बद्री सिंह को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर ग्राम पंचायत कुकर्रामठ, जनपद पंचायत समनापुर में पदस्थ किया गया था।श्री तुलाराम ठाकुर पिता श्री चैन सिंह ठाकुर, ग्राम-ग्राम पंचायत कुकर्रामठ, जनपद पंचायत समनापुर के व्दारा उच्च न्यायालय, जबलपुर में प्रस्तुत याचिका क्रमांक WP 20277/2015 में पारित आदेश दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 के अनुसार श्री गोरेलाल दुर्वासा, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत कुकर्रामठ को नियुक्ति प्रक्रिया में कम्प्यूटर डिप्लोमा/डिग्री योग्यता हेतु निर्धारित 20 अंक की पात्रता नहीं होने के कारण याचिकाकर्ता श्री तुलाराम ठाकुर को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदाय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।उच्च न्यायालय, जबलपुर में प्रस्तुत याचिका क्रमांक WP 20277/2015 में पारित आदेश दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 के परिपालन में कार्यक्रम अधिकारी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम-म.प्र., जनपद पंचायत समनापुर के आदेश क्रमांक 1508 समनापुर, दिनांक 22.12.2023 से श्री तुलाराम ठाकुर पिता श्री चैन सिंह ठाकुर को ग्राम पंचायत कुकर्रामठ, जनपद पंचायत समनापुर में ग्राम रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ किया गया है।उच्च न्यायालय, जबलपुर व्दारा याचिका क्रमांक WP 20277/2015 में पारित आदेश दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 पर श्री गोरेलाल दुर्वासा, ग्राम पंचायत कुकर्रामठ, जनपद पंचायत समनापुर व्दारा माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में विशेष अनुमति याचिका (SLP) No. 4896/2024 दायर की गई।

प्रकरण में नियुक्त प्रभारी अधिकारी, कार्यपालनयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग डिण्डौरी द्वारा जनपद पंचायत समनापुर में ग्राम रोजगार सहायक के 03 रिक्त पद होने की जानकारी पत्र क्रमांक 701 दिनांक 20.09.2024 को प्रस्तुत की गयी।

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में विशेष अनुमति याचिका (SLP) No. 4896/2024 में पारित आदेश दिनांक 30.09.2024 के संबंध में ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक/जि.पं./स्था./2952 डिण्डौरी दिनांक 20.11.2024 से आयुक्त, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल को पत्र प्रेषित किया गया।आयुक्त, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के पत्र क्रमांक 5290/स्थापना/एनआर- 2/GRS/2024 ओपाल दिनांक 21.11.2024 से माननीय सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में विशेष अनुमति याचिका (SLP) No. 4896/2024 में पारित अंतरिम निर्णय दिनांक 30.09.2024 का दृढ़ता से पालन करने का लेख किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में विशेष अनुमति याचिका (SLP) No. 4896/2024 में पारित आदेश दिनांक 30.09.2024 के परिपालन तथा आयुक्त, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के द्वारा प्रदाय निर्देशानुसार श्री गोरे लाल दुर्वासा पिता श्री बद्री सिंह को ग्राम पंचायत कैवलारी, जनपद पंचायत समनापुर में ग्राम रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ किए जाने का आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी,अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जिला पंचायत डिंडौरी ने जारी किया हैं।

## पी एम श्री नवोदय विद्यालय डिंडौरी में परमाणु ज्योति के अंतर्गत हुआ कार्यक्रमों का सफल आयोजन

डिंडौरी

जिले का अग्रणी पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में परमाणु ज्योति फेस 4 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परमाणु ज्योति कार्यक्रम, नवोदय विद्यालय समिति एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र का संयुक्त आयोजन है। भारत सरकार के अधीन परमाणु ऊर्जा विभाग के भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई के तत्वाधान में वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. दास, एवं डॉ. पूजा नेगी ने विद्यालय में संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी के दौरान परमाणु मित्रों ने विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साह वर्धन किया। उनके द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों के अंदर परमाणु विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों को प्रदर्शित किया गया एवं विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी। परमाणु मित्रों ने विद्यार्थियों की कक्षाओं में जाकर उनसे परिचर्चा की एवं परमाणु ऊर्जा, परमाणु संसाधनों के बारे में उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एन. के. आर्य ने विद्यार्थियों को परमाणु विज्ञान में हो रहे अनुसंधान एवं नवीन परिवर्तनों से अवगत कराया एवं परमाणु मित्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान विभाग के शिक्षक श्रीमती अल्का विश्वकर्मा, मधुवंत राव धुर्वे, आयुष लहरिया, केशव सिंह धुर्वे, सुश्री ज्योत्सना गुप्ता, नरेंद्र दुबे के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन धर्मेंद्र कुमार सोनकर के द्वारा किया गया। विद्यालय के अध्यापकगण श्रीमती संचिता बनर्जी, श्रीमती सुनीता गुप्ता, कोदू लाल महोबिया, श्रीमती कविता देवी, रामानंद, राहुल कुमार, रमेश विश्नोई, सुश्री शालिनी, अजय कुमार, अजीत कुमार, श्रीमती अनुपमा सुंदरम, सुश्री दीक्षा तिवारी, सुश्री पुष्पा पटेल, नूरुल हसन, इंजमाम उल हक, श्रीमती उमा मिश्रा, पुनीत द्विवेदी, राकेश केवट आदि स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान प्रदान किया।

## कार चालक के खिलाफ गैर ईरादतन हत्या का मामला

**डिण्डौरी**- कोतवाली थाना अंतर्गत जबलपुर रोड स्थित शनिडेरी के नजदीक 14 नवम्बर की रात लगभग 9 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था । सूचना के बाद डायल 100 वाहन की मदद से घायल अवस्था में बेहोषी की हालत में युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां 15 नवम्बर सुबह लगभग 7.30 बजे उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई थी। तब तक मृतक युवक की पहचान नही हो पाई थी साथ ही जिस वाहन से दुर्घटना हुई थी उसका भी कोई सुराग नही लगा था । जिसके बाद पुलिस ने सोषल मीडिया और अन्य माध्यम से सूचना जारी की । जिसके बाद परिजनों को पता लग पाया और जिला चिकित्सालय पहुंचे परिजनों ने बतलाया कि मृतक रोहित उर्फ कृष्णकुमार बनवासी पिता बलदाऊ उम्र 22 साल निवासी हिनौता । 14 नवंबर को अपने रिस्तेदार चाचा नंदरू बनवासी निवासी पुरानी डिण्डौरी के दसगात्र कार्यक्रम से रात लगभग 8 बजे पुरानी डिण्डौरी से खाना खाकर पैदल पैदल अकेले अपने घर हिनौता के लिए निकला था । तभी रात करीब 9 बजे घटना घटित हुई । पीएम के बाद चिकित्सक ने सडक दुर्घटना में मौत का रिर्पोट में लेख किया था जिसके बाद पुलिस ने मर्ग जांच करते हुए वाहन की तलाष शुरू की । पडताल के बाद पाया गया कि कार क्रमांक एम पी 20 एफ 8630 के अज्ञात चालक द्वारा दुर्घटना कारित की गई है। जिसके बाद पुलिस ने प्रथम दृष्टया अपराध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान का किया गया आयोजन



**डिण्डौरी** - जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरखेडा में शुक्रवार को मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती प्रियंका आर्मो अध्यक्ष जनपद पंचायत शहपुरा, अरविन्द कुमार बोरकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शहपुरा, योगेन्द्र कुमार झारिया ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत शहपुरा हिरेश पारधी उपयंत्री जनपद पंचायत शहपुरा तथा सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक मोबिलाईजर ग्राम पंचायत बरखेड़ा एवं ग्रामवासी,स्कूली छात्र -छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे । मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई, जनपद अध्यक्ष द्वारा सभी ग्रामवासियों को अपने-अपने शौचालयों को साफ-सुथरा कराकर पुताई पेंटिंग कराने हेतु समझाईश दी गई तथा स्कूल, आंगनवाड़ी पंचायत भवन में शौचालय की उपलब्धता एवं साफ-सफाई रखने हेतु समझाईश दी गई। इसके पश्चात अध्यक्ष द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई,साथ ही हितग्राहियों द्वारा पेंटिंग किये शौचालयों में भ्रमण किया गया। ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा मेरा शौचालय मेरा सम्मान' अभियान की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## रोजगार मेला में 16 आवेदकों का हुआ चयन




**डिंडोरी** । जिला रोजगार कार्यालय डिण्डौरी द्वारा आज शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय परिसर रेस्ट हाउस के नीचे डिण्डौरी में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में कुल 38 आवेदक उपस्थित हुए, जिनमें से निजी क्षेत्र के 4 कंपनियों के द्वारा 16 आवेदकों का प्रारंभिक चयन कर आफर लेटर प्रदान किया गया। उक्त रोजगार मेले में एनआईआईटी के द्वारा 2, डॉ. रेड्डी फाऊंडेशन के द्वारा 1, शिव-शक्ति एग्रीटेक के द्वारा 4 एवं एसआईएस के द्वारा 09 आवेदकों का चयन किया गया।

## बैंक मैनेजर पर खाता से राशि काटने के आरोप

डिण्डौरी

नगर के पुरानी डिण्डौरी में रहने वाली हुसना बेगम पति अजमेर बक्स उम्र 65 साल ने इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक पर खाता से राषि काटे जाने का आरोप लगाते हुए विगत दिनो कलेक्टर से षिकायत दर्ज करायी है। वृद्धा ने आरोप लगाया कि इलाहाबाद बैंक में उसका खाता संचालित है जिसमें वृद्धा पेंषन की राषि 600 रूपये हर माह शासन द्वारा जमा करायी जाती है।

लेकिन बैक मैनेजर द्वारा राषि काट ली जाती है लगभग 5-6से मुझे पेंषन राषि नही मिलने से मेरे द्वारा स्टेटमेंट निकाला गया तब पता चला कि खाते में राषि जमा तो करायी जा रही है लेकिन शाखा प्रबंधक द्वारा राषि खाते से काट ली जाती थी ।

जब इस बावद शाखा प्रबंधक से पूछा गया तो कहा गया कि आपके द्वारा चैक बुक ली गई है । वृद्धा ने बतलाया कि उसके द्वारा आज तक नही चैकबुक ली गई है और नही एटीएम कार्ड जारी कराया गया है। बावजूद इसके खाते से पेंषन की राषि काटी जा रही है। उक्त सबंध में आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि निराकरण करते हुए पेंषन राषि दिलायी जाये ।

## पुरूष वालीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर विजेता बनी

संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए छात्रों का हुआ चयन



**अमरपुर**। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय पुरूष बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवंबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय डिंडौरी में किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय अमरपुर की पुरूष बॉलीबॉल टीम विजेता बनी। महाविद्यालय के पांच छात्र प्रदीप, धर्मेन्द्र, हरवेद्र, प्रशांत एवं करन का चयन संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। जोकि संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए बम्हनी बंजर जिला मंडला जायेंगें। संस्था प्रमुख संदीप सिंह के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रों को इस प्रतियोगिता में सहभागिता कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह, सहायक प्राध्यापक देव प्रकाश उइके, रूपेंद्र वरकड़े, डॉ. सुनील काकोडिया, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. सौरभ सावंत, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. दीपक सिंगरौल, कैलाश प्रसाद लखेरा, प्रदीप कुमार कहार, हरिशंकर गुप्ता, हुस्न आरा अंसारी, डॉ. प्रियंका दहिया, जयदीप दुबे, दीपचंद गुप्ता, समीर मरावी, कमलेश वास्पे, सहज सिंह मरावी ने क्रीड़ा अधिकारी एवं विजेता टीम को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों व बीएसएनएल के साथ प्री-सिटिंग का आयोजन



**डिंडौरी**। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में दिनांक 14 दिसंबर 2024 को वर्ष की चैथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। लोक अदालत में समस्त समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सद्भाव के साथ किया जाता है। लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु बैंक अधिकारियों व बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ आज शुक्रवार को प्री-सीटिंग बैठक आयोजित की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शिव कुमार कौशल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्री-लिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत करने एवं पक्षकारों को लोक अदालत में प्रकरण निराकृत कराने से होने वाले लाभ, लोक अदालत दिवस पर मिलने वाली छूट के विषय में भी जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि बैंक के ऋण प्राप्तकर्ता पक्षकार को समय पूर्व सूचना पत्र प्रेषित किया जाये ताकि वह अपना ऋण चुका सके व बैंक के लोन संबंधी अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण हो सके। बैंक अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पंपलेट्स का वितरण भी किया गया, साथ ही बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी बैंकों में पक्षकारों के लिये राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में हेल्प डेस्क का आयोजन करें ताकि बैंक में आने वाले पक्षकारों को पम्पलेट्स का वितरण कर लोक अदालत की जानकारी प्रदान की जा सके तथा प्रचार वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु कहा गया।आयोजित बैठक में बैंक संबंधी मामलों के पीठासीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदन सिंह चैहान ने भी सभी बैंक अधिकारियों की लोन संबंधी मामलों के निराकरण में आ रही समस्याओं को सुना तथा उन्हें निराकरण करने हेतु परामर्श दिया। साथ ही उन्होने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रवार व कम राशि वाले लोनों पर अधिक ध्यान दिया जावे तथा जो लोन काफी समय से लंबित हैं या बड़ी राशि के हैं उनमें बैंक व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त प्रकरण के निराकरण का प्रयास करे।बैठक मेंजिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, सहित लीड बैंक मैनेजर रवि शंकर, बैंक अधिकारी मंजू मार्को म.प्र. ग्रामीण बैंक गाड़ासरई, अविनाश अहिरवार म.प्र. ग्रामीण बैंक पुरानी डिण्डौरी, नितिन तिवारी पंजाब नेशनल बैंक, चंद्रकांत असाटी केनेरा बैंक, यशपाल नरवरिया म.प्र. ग्रामीण बैंक विक्रमपुर, अभिषेक यादव म.प्र. ग्रामीण बैंक डिण्डौरी, विनय कुमार राय भारतीय स्टेट बैंक, संजय सराते भारतीय स्टेट बैंक डिण्डौरी, शेखर सुमन यूनियन बैंक डिण्डौरी, राजेश इंडियन बैंक, संदीप वर्मा म.प्र. ग्रामीण बैंक निघौरी सहित बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

डिंडौरी

राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ गुरुवार को जिला चिकित्सालय प्रांगण में किया गया। सीबीएमओ करंजिया डॉ गोपाल मरावी ने हरि झंडी दिखाकर प्रचार को रवाना किया। जानकारी में बताया गया कि प्रचार रथ 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलने वाले पखवाड़े के अंतर्गत जिले के सातों विकासखंड में लोगों को जागरूक करेगा।

28 नवंबर से जिला चिकित्सालय में नसबंदी शिविर लगाए जाएंगे। प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान बीएमओ बजाग डॉ विपिन, डॉ ममता दीवान, बीईई श्रीमति टी श्याम, खैर सिंह उददे सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**

## स्कूल में पढ़ा रहे शिक्षक को कुल्हाड़ी मारी



**तेंदूखेड़ा।** चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पदम केसली में प्राथमिक शाला में पदस्थ चांवरपाठा निवासी शिक्षक सतीश रिछारिया को गांव के ही पन्ना लाल उर्फ पन्नी नोरिया 65 साल ने कुल्हाड़ी मार दी लुहलुहान शिक्षक तत्काल करेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा और अपना इलाज कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पन्ना लाल उर्फ पन्नी नोरिया का बेटा बीमारी के चलते नरसिंहपुर में किसी निजी अस्पताल में भर्ती रहकर इलाज करवा रहा था। शिक्षक ने गांव में पढ़ाने और जान-पहचान होने की स्थिति में अस्पताल देखने कुशलक्षेम के लिए गया था।लेकिन विगत दिनों उसकी असमय मौत हो गई। मौत के बाद से पन्नी नोरिया गुस्से में था उसने आरोप लगाया है कि शिक्षक ने डाक्टरों से मिलकर इलाज में गड़बड़ी कराई है इस कारण से उसकी मौत हो गई है। चूंकि यह मामला तेंदूखेड़ा थाने का है लेकिन पीड़ित शिक्षक ने करेली में पहुंच कर थाने में मामला दर्ज कराया है। जहां जीरो पर कायमी कर तेंदूखेड़ा थाने में जांच के लिए आयेगा।

## मुख्य सड़क मार्गों के किनारे पुनः लगने लगीं मांस की दुकानें

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों और मुख्य सड़क मार्गों पर लग रही खुलें में मांस की दुकानें हटाये जाने के आदेश दिए गए थे। कुछ समय तो उक्त दुकानें बंद रहीं नेट लगाकर चलतीं रहीं। लेकिन अब पुनः खुलेआम चलने लगीं हैं। वहीं तेंदूखेड़ा में अलग से शेड बनाकर दुकानों को जगह दी गई है। और कुछ समय तक लगतीं भी रहीं हैं लेकिन अब उक्त मांस की दुकानें मुख्य सड़क मार्गों पर खुलेआम लगने से जहां गंदगी पूर्ण माहौल बनने लगा है वहीं धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचाया जा रहा है। वहीं शेड में दुकानें लगा रहे दुकान दारों ने भी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया है कि हम लोग परेशान बनें हुए हैं बाहर दुकानें लगने से ग्राहक वहां तक पहुंच ही नहीं पाता है। उन्होंने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से उक्त दुकानें भीतर निर्धारित शेडों में लगाये जाने चाहिए।

### नरवाई जलाने से पड़ रहा दुष्प्रभाव

# शासन के नियमों को दरकिनार की जलाई जा रही नरवाई

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार की मंशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले मे नरवाई जलाने के लिये प्रतिबंधित किया गया है लेकिन किसानों द्वारा प्रशासन के नियमों को दरकिनार कर नरवाई जलाने का कार्य किया जा रहा जिससे वायुमंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति हो रही है। सार्वजनिक हित में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रतिबंध लगाया है।

### मामला इस प्रकार

जिले मे प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा नरवाई जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई करते हुये जुर्माना लगाया जाने के आदेश दिये गये है लेकिन जिला मुख्यालय से तकरीबन 20 किलोमीटर दूर ग्राम बचई के पास तहसील क्षेत्र नरसिंहपुर में उक्त आदेश का पालन किसानों द्वारा नहीं किया जा रहा है और हाईवे से लगी जमीन के पास ही किसानों द्वारा नरवाई जलाने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आदेश जारी की इतिश्री कर ली गई है। आदेश का कितना पालन हो रहा है इसकी जांच पड़ताल भी प्रशासन द्वारा नही की जा रही है।

### नरवाई जलाना प्रतिबंधित

जनसामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सीमाओं में खेत में खड़े डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश को 24 अक्टूबर से दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। नरवाई में आग लगाने से



भूमि में मौजूद माइक्रोब्स की क्षति होती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि कारित हुई है। ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं।

### आदेशों को दिखाया जा रहा धता

प्रशासन के प्रतिबंधात्मिक आदेश को जिले के किसानों द्वारा दरकिनार कर धड़ल्ले से नरवाई को जलाया जा रहा है। जबकि प्रशासन द्वारा सरकार के मंशानुसार जिले मे नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया। जारी किये गये आदेश मे बताया गया है कि नरवाई जलाने से पर्यावरण, वायु प्रदूषण व भूमि उत्पादन क्षमता कम होती है। इस लिय नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन किसानों द्वारा सभी आदेशों को दरकिनार कर नरवाई जलाई जा रही है। वही प्रशासन द्वारा अभी तक नरवाई जलाने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नही की गई है ।

### किसानों पर लगाया जाएगा अर्थदंड

राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगाने वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है। जिला दंडाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार खेत की आग के नियंत्रित होने तक जन, सम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक परिस्थितिक नुकसान होता है।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय पीएमसी शासकीय एमएलबी हायर सेकेंडरी स्कूल में 4.0 इंटर्न श्रुति गुप्ता के नेतृत्व में बाल मजदूरी नामक विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा बाल मजदूरी पर चित्र बनाकर लाए गए जिसमें मुनमुन ठाकुर कक्षा बारहवीं ने प्रथम स्थान एवं शिवानी मेहरा कक्षा बारहवीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।'उसके उपरांत कविता पाठ का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को एकत्रित करके बाल मजदूरी के महत्व को समझाया गया एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में सभी को जानकारी दी गई।

## धान उपार्जन के लिए उपार्जन केन्द्र निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का कार्य पंजीकृत किसानों से 2 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किये जाने के निर्देश दिये हैं। जारी शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में धान उपार्जन कार्य के लिए वर्तमान में उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जारी आदेश के अनुसार तहसील नरसिंहपुर के लिए चौक से वेयर हाउस सिंहपुर हेतु सेवा सहकारी संस्था सिंहपुर, मां नर्मदा वेयर हाउस मलाहपिपरिया हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव एवं अंश वेयर हाउस तिंदनी हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया को तहसील करेली के लिए 3 ए3 सी करेली बस्ती वेयर हाउस करेली हेतु बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करेली, सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस कठौतिया आदि का निर्धारण किया गया है।

## स्कूली बच्चों में विवाद, मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर** । गत दिवस श्री एम श्री उत्कृष्ट विद्यालय मे पढ़ने वालो विद्यार्थियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें विद्यालय के दो छात्रों के साथ अन्य युवक द्वारा मारपीट कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योगेश करोसिया पिता संतोष करोसिया उम्र 22 वर्ष निवासी तिंदनी रोड थाना क्षेत्र कोतवाली के विरूद्ध मारपीट का मामला पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया।

## छेड़छाड़ करने पर आरोपी को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्ध्यायालय द्वारा आरोपी जाकिर खान उम्र 41 वर्ष को धारा-11(प)/12 पॉक्सो एक्ट में 6 माह का सश्रम कारावास, पांच सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले मे बताया गया कि स्कूल आते जाते समय मोहल्ले का जाकिर खान आया और उसे गंदी नजर से देखकर बोला कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो यह उसने अपने परिजनों को बताई और रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियोक्त्री की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना कोतवाली नरसिंहपुर में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण अनुसंधान में लेकर अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गये, मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## मोटा अनाज उपार्जन हेतु केन्द्र निर्धारित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में समर्थन मूल्य पर मोटे अनाज (ज्वार एवं बाजरा) की खरीदी का कार्य 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक पंजीकृत किसानों से किये जाने के लिए जारी निर्देश के तारतम्य में मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) का पंजीयन जिले में कम होने के कारण कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मोटा अनाज (ज्वार एवं बाजरा) का एक उपार्जन केन्द्र निर्धारित किया है। जारी आदेश के अनुसार सीडब्ल्यूसी कठौतिया नरसिंहपुर हेतु बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डाँगीढाना को उपार्जन केन्द्र निर्धारित किया है।

## स्व. मुशरान जयंती पर पुष्पांजलि आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न स्वर्गीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर शिक्षण संस्थान एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा स्थानीय मुशरान पार्क में प्रातः 10:30 बजे पुष्पांजलि एवं मौन श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संस्था परिवार के प्रेरणा स्त्रोत स्व. मुशरान की प्रतिमा के समक्ष एम. आई. एम. टी के समस्त स्टाफ मेंबर्स, एन. एस. एस. इकाई एवं एन. सी. सी. कंपनी तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।

## अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर में युवा उत्सव 2024-25 आंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय अंतर्गत सांस्कृतिक विधायें, मंचीय कलायें का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामकुमार चौक से, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने की। सांस्कृतिक विधाओं के अंतर्गत प्रस्तुत की गयी एकल नृत्य शास्त्रीय में शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर प्रथम, एमआईएमटी महाविद्यालय, नरसिंहपुर ने द्वितीय, समूह नृत्य लोक नृत्य विधा में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम, महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा ने द्वितीय तथा शासकीय श्यामसुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री विधा में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मूकाभिनय (माइम) विधा में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम, महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा ने द्वितीय तथा एमआईएमटी महाविद्यालय नरसिंहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हास्य नाटिका (स्किट) विधा में स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम, एमआईएमटी महाविद्यालय नरसिंहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकांकी (ड्रामा) विधा में एमआईएमटी महाविद्यालय नरसिंहपुर ने प्रथम, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

***हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर*** *। गत दिवस थाना क्षेत्र करेली निवासी युवक द्वारा फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया गया नितिन पिता श्याम राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी करपगांव थाना करेली ने अज्ञात कारणों से घर पर फांसी लगा ली जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।*

## करंट लगने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस खेत मे काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार देवकांत पिता नारायण लोधी उम्र 32 वर्ष निवासी चरगवां थाना सुआतला को खेत में काम करते समय करंट लग गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क दुर्घटना मे वृद्ध महिला घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सड़क दुर्घटना मे महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धन्ना बाई पति महेश काछी उम्र 70 वर्ष निवासी करेली बस्ती थाना क्षेत्र करेली को कठल पंप के पास माल वाहक द्वारा टक्कर मार दिया जिसे उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी।

## आराध्यमती माताजी का तेंदूखेड़ा में हुआ ससंघ आगमन

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को महामुनि राज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिका आराध्यमति माता जी का अल सुबह ससंघ आगमन हुआ।जिनका सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य अगवानी की। आर्यिका ससंघ सिलवानी में चातुर्मास के उपरांत तेंदूखेड़ा पधारीं हैं।इस मौके पर आर्यिका आराध्यमति माता जी ने चिन्मय सागर प्रवचन हाल में अपने अमृतमयी वचनों से श्रावकों के बीच उपदेश देते हुए कहा कि हजारों वर्षों में आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज जैसे संत धरती पर जन्म लेते हैं हम सभी का सौभाग्य है जो हमें आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के युग में जन्म लेने का अवसर मिला है ।22 नवंबर 1972 को राजस्थान की पावन धरा नसीराबाद में वयोवृद्ध तपो वृद्ध गुरुणां गुरु आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज ने अपने सहयोग शिष्य मुनि श्री विद्यासागर में एक महान तपस्वी युग प्रवर्तक जिन शासन की प्रभावन करने वाले आचार्य की प्रतिभा को पहचान लिया था। और उन्हें अपना आचार्य पद प्रदान करके संघ के आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया था। तदुपरांत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का ईसवी सन की तारीख के अनुसार आचार्य परोहण दिवस मनाया गया आचार्य श्री की भक्ति भाव के साथ पूजन की गई।

## तेंदुआ के हमले से हुई बैल की मौत

**गोटेगांव** -गोटेगांव क्षेत्र में काफी दिनों से वन्य जीव तेंदुआ की हलचल बनी हुई है जो की पूर्व में ग्राम हिड़की के पास खेत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वन्यजीव तेंदुआ दिखाई दे रहा था उसके बाद ग्राम मुरदई में भी तेंदुआ के होने की सूचना एवं और उसके पक्ष चिन्ह मिलने की पुष्टि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई थी। तेंदुआ गोटेगांव तहसील क्षेत्र में करीब हफ्ते भर से लगातार मूवमेंट कर रहा है लेकिन तेंदुआ द्वारा किसी जीव ,जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया था

### ताजा मामला ग्राम तरवारा का बताया जा रहा है

ग्राम तरवारा निवासी अर्जुन ठाकुर के घर पर बंधे हुए बैल पर वन्यजीव तेंदुआ ने विगत रात्रि को घात लगाकर हमला कर दिया जिससे बैल की मृत्यु हो गई।उक्त घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारीयों का अमला मौके पर पहुंचा जहां उन्होंने तेंदुए का शिकार



हुए मृत बैल को देखा एवं ग्रामीणों को सतर्क और सुनसान इलाकों पर न जाने की सलाह दी।

### इनका कहना है

तेंदुआ पालतू पशु पर हमला करता है तो उसकी क्षतिपूर्ति विभाग द्वारा संबंध व्यक्ति को दी जाएगी, तेंदुआ की बंदिश का कोई नियम नहीं है, उसे पकड़ा नहीं जा सकता,हालांकि जानवरों की क्षति वह करता है इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाता

**आरके प्यासी**
**प्रभारी रेंजर**
**गोटेगांव**

# करकबेल, मानेगांव और बौछार में सट्टे का जाल प्रशासन की निष्क्रियता या माफिया का बोलबाला?




### सट्टे का कारोबार चरम पर

**गोटेगांव** -ठेमी थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों करकबेल, मानेगांव और बौछार में सट्टा कारोबार अपने चरम पर है। 1 के 80 का यह अवैध खेल स्थानीय समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। रोजाना लाखों रुपए का लेनदेन हो रहा है, और इसकी चपेट में युवा, बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग सबसे ज्यादा आ रहे हैं।

### गरीबों की बर्बादी का खेल

जल्दी अमीर बनने की लालसा में लोग अपनी गाढ़ी कमाई को इस खेल में झोंक रहे हैं। सट्टे के इस चक्रव्यूह से निकलने के बजाय कई परिवार पूरी तरह आर्थिक संकट में फंस गए हैं। यह खेल न केवल वित्तीय नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि पारिवारिक विवाद, मानसिक तनाव और अपराध दर को भी बढ़ा रहा है।

### निवासियों का गुस्सा, प्रशासन पर उठे सवाल

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन इन गतिविधियों के प्रति उदासीन है। ग्रामीणों का कहना है कि सट्टा माफिया खुलेआम अपना जाल फैला रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। कई बार शिकायतें देने के बावजूद कार्यवाही का असर जमीन पर दिखाई नहीं देता।

### माफिया का मजबूत नेटवर्क

सूत्रों के अनुसार, सट्टा कारोबार का यह जाल सिर्फ इन गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के अन्य इलाकों में भी यह तेजी से फैल रहा है। यह माफिया न केवल स्थानीय स्तर पर सक्रिय है, बल्कि इसके तार जिले और प्रदेश के बड़े माफिया नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है।

### समाज में बढ़ती कुरीतियां

सट्टे के इस बढ़ते कारोबार ने समाज में कई गलत प्रवृत्तियों को जन्म दिया है। बेरोजगार युवा, जिन्हें सही दिशा मिलनी चाहिए, वे इस अवैध खेल के जरिए अपराध की दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं। नतीजतन, क्षेत्र में चोरी, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में वृद्धि हो रही है। अब देखना यह है एक के 80 करने वालों के ऊपर पुलिस प्रशासन क्या कार्रवाई करती है या मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# सरकारी भंडारण केन्द्र में डीएपी उपलब्ध नहीं, निजी दुकानों पर बिक रहा भरपूर मात्रा में

**गोटेगांव**-स्थानीय नगर के कुम्हड़ाखेड़ा में स्थित सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केंद्र गोटेगांव में इस समय डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। सरकारी समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध न होने की वजह से किसान गेहूं की बुआई समय पर नहीं कर पा रहे हैं। इससे फसल लेट हो रही है और किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। वहीं समिति पर डीएपी खाद नहीं पहुंचा है। जबकि किसान डीएपी के लगातार समितियों के चक्कर काटकर परेशान हो रहे हैं। उसके बाद भी खाद डीएपी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन अभी तक हालात जस के तस बने हुए हैं। किसान समिति के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं। गेहूं की बुआई के लिए किसानों ने जमीन का बखरनी कर दिया था, लेकिन बुआई के लिए किसानों को




डीएपी नहीं मिल रही है। डीएपी न मिलने के कारण जमीन सूख रही है। जिसकी वजह से किसानों की गेहूं की फसल लेट हो जाएगी और जिसका पैदावार पर भारी असर पड़ेगा। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। समितियों पर खाद न मिलने के कारण किसान आस-पास के निजी कृषि दुकानों से औने पौने दामों पर डीएपी खरीदने को मजबूर हैं। इससे छोटे और गरीब किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उसके बाद भी प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। गोटेगांव सरकारी गोदाम में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है जबकि जिला प्रशासन बता रहा है पर्याप्त मात्रा में उर्वरक डीएपी उपलब्ध है, देखा जाए तो वही गोटेगांव के निजी कृषि दुकानों में डीएपी 15 सौ रुपए के बीच में किसानों को बेचा जा रहा है, प्रभु यह कैसा चमत्कार है,जब सरकार खुद डीएपी भेजती है जिले में तो फिर सरकारी गोदाम में डीएपी क्यों उपलब्ध नहीं है, जबकि वहीं डीएपी प्राइवेट कृषि दुकानों पर भरपूर मात्रा में डीएपी उपलब्ध है और उसे ऊंचे रेट पर बेचा जा रहा है।

गौरतलब हो कि पूरे जनपद में किसान डीएपी की किल्लत से परेशान हैं। सहकारी समितियों पर खाद की कमी है। जो खाद आ रहा है, वह एक दो दिन में खत्म हो रहा है। सैकड़ों किसान बिना खाद रह जाते हैं।

यहां डीएपी खाद न मिलने से किसान खाद केंद्र के बाहर चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। किसान खाद केंद्र में आते हैं और खाद न मिलने पर मायूस होकर वापस घर को लौट जाते हैं।

### इनका कहना है

अभी गोदाम में डीएपी उपलब्ध नहीं है एक हफ्ते बाद डीएपी की रैंक आएगी तभी किसानों को उपलब्ध होगा

**एसके गायकवाड**
**सहकारी विपणन भंडारण केंद्र**
**गोटेगांव**